Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Need to construct bridges over railway crossings in Manjhanpur, district Kaushambi, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के नवसृजित जनपद कौशाम्बी में मुख्यालय मंझनपुर को जाने वाले 4 मुख्य मार्गो में जो नेशनल हाइवे व मुगल सराय-दिल्ली रेलमार्ग से जुडा है इसमें सैंकड़ों ग्रामों व 5 जनपद तथा दो प्रदेशों के रास्ते पडते हैं जो व्यापारिक, आर्थिक तथा धार्मिक पर्यटन के दृटिकोण से महत्वपूर्ण है। उक्त रेल मार्ग जो 4 बडे बडे कस्बों मनौरी, भखारी, सिराथू व खागा में पडते हैं जो टाउन एरिया व नगर पालिका के बराबर हैं। इस मार्ग में बाइपास व रेलवे पर फ्लाई ओवर ब्रिज न होने के कारण घंटों जाम रहता है तथा दुर्घटना का भय बना रहता है। उक्त रेल फाटकों पर फ्लाइ ओवर, ब्रिज की व्यवस्था आवश्यक है। केन्द्र सरकार तत्काल पहल करके फ्लाई ओवर ब्रिज की व्यवस्था सुनिश्चित करें।